हिन्दी भाषा राज्यों में द्विभाषी टेलीप्रिंटर

1582. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दी भाषी क्षेत्रों तथा पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र में विभिन्न केन्द्रीय तारघरों तथा विभागीय तारघरों और डाकघरों में तारों के प्रेषण कार्य के लिए कितने टेलीप्रिंटर रोमन लिपि के लगे हैं तथा कितने देवनागरी लिपि के ;

(ख) इन कार्यालयों में रोमन लिपि के टाइपराइटरों की जगह देवनागरी-रोमन लिपि के अर्थात् (द्विलिपीय) टेलीप्रिंटर लगाने की क्या योजनायें बनायी गई हैं ;

(ग) चालू वर्ष में तथा अगले वर्ष में उपर्युक्त कार्यालयों में कितने द्विलिपीय टेलीप्रिंटर लगाने की योजना है; और

(घ) उक्त योजना का निश्चित समय के अन्दर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए क्या व्यवस्था की गई है अथवा किये जाने का विचार है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) विभिन्न तारघरों में कार्य कर रहे रोमन और देवनागरी लिपि के टेलीप्रिंटरों की संख्या इस प्रकार है :

राज्य	रोमन लिपि	देवनागरी लिपि
1. हिन्दी भाषी राज्य	2064	305
2. पंजाब	220	[illegible]
3. गुजरात	409	16
4. महाराष्ट्र	977	[illegible]

(ख) रोमन लिपि के टाइपराइटरों की जगह द्विभाषी टेलीप्रिंटर लगाने का प्रस्ताव नहीं है । देवनागरी लिपि की तारों को तुरन्त निपटाने के लिए पर्याप्त संख्या में रोमन और देवनागरी लिपि के द्विभाषी टेलीप्रिंटर लगाने की एक स्कीम तैयार की गई है ।

(ग) चालू वर्ष के दौरान 400 द्विभाषी इलैक्ट्रानिक टेलीप्रिंटर और अगले वर्ष भी 400 द्विभाषी इलैक्ट्रानिक टेलीप्रिंटर की सप्लाई करने का प्रस्ताव है । हिन्दी भाषी राज्यों, पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र में इस समय उपलब्ध द्विभाषी टेलीप्रिंटरों की संख्या 682 है ।

(घ) स्कीम का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक आदेश कर दिए गए हैं ।

Electronic telephone exchanges in Orissa

1583. SHRI JAGADISH JANI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that 5000 and 4000 lines capacity electronic telephone exchanges are proposed to be set up in Orissa during the Seventh and Eigthth Plans ;

(b) if so, what are the places identified for the location of those electronic telephone exchanges; and

(c) what steps are likely to be taken by Govt, in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): fa) and (b) Yes, Sir. 5000- lines during the